**Fourteenth Loksabha**

## Session : 6
## Date : 23-12-2005

**Participants : Pathak Shri Brajesh**

>

Title : Need to issue directives to the Government of Uttar Pradesh to refrain U.P.S.I.D.C & L.I.D.A., from acquiring cultivable land of the farmers in Unnao Parliamentary Constituency.

**श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव)** : अध्यक्ष महोदय, लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव के किसानों की भूमि को अधिग्रहीत किया जा रहा है तथा कानपुर के विकास के लिए भी उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक ि वकास निगम ( यूपीएसआइडीसी) द्वारा मेरे संसदीय क्षेत्र उन्नाव के किसानों की भूमि को अधिग्रहीत किए जाने की योजना है। वर्तमान में अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि का बाजारी दर 8 लाख रूपये प्रति बीघा के आसपास है। लेकिन लखनऊ औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं यूपीएसआइडीसी द्वारा अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि की दर बहुत ही कम जो कि नाममात्र की है, दिया जाना प्रस्तावित है।

मेरा संसदीय क्षेत्र उन्नाव एक बहुत ही अत्यधिक पिछड़ा हुआ क्षेत्र है और मेरे क्षेत्र के कृाकों की आय का एकमात्र साधन भी केवल कृाि भूमि ही है1 उनकी भूमि अधिग्रहीत किए जाने के पश्चात इन कृाकों की जीविका का सहारा छूट जायेगा। इस प्रकार से लखनऊ और कानपुर के विकास के लिए मेरे पिछड़े हुए संसदीय क्षेत्र उन्नाव के गरीब कृाकों की भूमि को अधिग्रहीत किया जाना उचित नहीं है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह मेरे पिछड़े हुए संसदीय क्षेत्र उन्नाव के गरीब कृाकों की भूमि को अधिग्रहीत न किए जाने हेतु राज्य सरकार को निर्देश प्रदान करें।